JALAUN POLICE

दिनांक- 24.03.2026

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम थाना कुठौंद द्वारा अत्यंत दयनीय स्थिति में जीवन यापन कर रहे बुजुर्ग दम्पति को राशन सामग्री, फल, मिठाई आदि व नगद रुपये प्रदान कर मदद की गयी। बुजुर्ग दम्पति द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र थाना कुठौंद टीम व जालौन पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

कृपया अवगत कराना है कि जनपद के थानों पर शासन के दिशा-निर्देशों के क्रम में मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की गयी थी, जिसमें उच्चाधिकारीगण के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के उपरान्त मिशन शक्ति केन्द्रों पर अधिकारी/कर्मचारीगण की नियुक्ति की गयी थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति केन्द्रों पर आने वाली पीडिताओं/फरियादियों की समस्याओं का सम्बन्धित के माध्यम से कुशल तरीके से निराकरण किए जाने के निर्देश दिये गये थे, जिसकी मॉनिटरिंग स्वयं पुलिस अधीक्षक जालौन के द्वारा की जा रही है।

आज दिनांक 24.03.2026 को मिशन शक्ति प्रभारी उ0नि0 हर्ष वर्धन त्रिपाठी थाना कुठौंद जनपद जालौन द्वारा अपनी टीम के साथ कस्बा कुठौन्द में भ्रमणशील थे। मिशन शक्ति प्रभारी को जानकारी मिली कि कस्बा कुठौन्द के बावली तिराहे पर एक बुजुर्ग दंपत्ति श्री राजेंद्र बाबा व उनकी पत्नी श्रीमती ममता देवी अत्यंत दयनीय स्थिति में जीवन यापन कर रहे हैं। बुजुर्ग दंपत्ति को कोई संतान नहीं है। श्री राजेंद्र बाबा सब्जी का ठेला लगाकर गुजर बसर कर रहे हैं।

मिशन शक्ति प्रभारी द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना कुठौंद श्री जगदम्बा प्रसाद दुबे को उक्त सूचना के सम्बंध में अवगत कराया गया जिसके कुछ समय पश्चात प्रभारी निरीक्षक थाना कुठौंद मिशन शक्ति टीम के साथ बुजुर्ग दंपत्ति के पास राशन सामग्री-आटा, दाल, चावल, मसाले व अन्य घरेलू सामग्री, फल, मिठाई व कपड़ों के साथ पहुंचे व बुजुर्ग दम्पत्ति को उक्त सामग्री प्रदान कर 1000/- रुपये प्रदान किये तथा उनके हाल चाल की जानकारी ली गयी। बुजुर्ग दम्पत्ति एवं आम जन द्वारा जनपद जालौन के थानों पर स्थापति मिशन शक्ति केन्द्र व जालौन पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

जनपद जालौन के समस्त थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों के द्वारा की जा रही कार्यवाही के सकारात्मक/बेहतर परिणाम आ रहे हैं।

बुजुर्ग दम्पत्ति को भविष्य में भी हर सम्भव मदद के लिए आश्वस्त किया गया।